Class-3
EVS

# पाठ-1 यह है मेरा परिवार

प्रश्नः1 'यह है मेरा परिवार' पाठ में कौन सी कविता के माध्यम से परिवार के बारे में बताया गया है

(क) प्यारा घर (ख) प्यारा परिवार
(ग) परिवार (घ) मेरा प्यारा परिवार

उत्तरः (क)

प्रश्नः2 'यह है मेरा परिवार' कविता में आशा के परिवार में कौन-कौन हैं ?

(क) चाचा-चाची (ख) मां-पिता जी
(ग) मां पिता जी और एक छोटी बहन
(घ) दादा-दादी

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 शिवानी के परिवार में कौन-कौन से सदस्य हैं ?

(क) दादा-दादी, मम्मी-पापा, चाचा-चाची, एक बहन और एक भाई
(ख) मां-पिता जी व एक छोटी सी बहन
(ग) नाना-नानी, मौसा-मौसी
(घ) उपरोक्त सभी

उत्तरः (क)

प्रश्नः4 आशा का परिवार जब गांव पहुंचता है तो सभी ने बड़ों का सत्कार कैसे किया ?

(क) नमस्ते कर (ख) बड़ों के पैर छूकर
(ग) गले मिलकर (घ) उपरोक्त सभी

उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 किस त्योहार के अवसर पर घर पर सफाई की जाती है ?

(क) होली (ख) दशहरा
(ग) दीवाली (घ) रक्षा-बंधन

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 दीवाली के दूसरे दिन कौन-सा त्योहार मनाया जाता है ?

(क) विश्वकर्मा दिवस (ख) भैया दूज
(ग) छोटी दीवाली (घ) कोई नहीं

उत्तरः (ख)

# पाठ-2 खेलें कूदें, मौज मनाएं

प्रश्नः1 100 मीटर दौड़ में शिवानी, जावेदा के साथ दौड़ रही थी। अचानक कौन गिर गया ?

| | |
|---|---|
| (क) शिवानी | (ख) जावेदा |
| (ग) दिव्या | (घ) प्रिया |

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 कैरम इन्डोर खेल है तो निम्नलिखित में से आधुनिक खेल कौन-सा है ?

| | |
|---|---|
| (क) फुटबाल | (ख) कुश्ती |
| (ग) वीडियो गेम | (घ) कोई भी नहीं |

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 निम्नलिखित में कौन-से खेल में बॉल का प्रयोग किया जाता है ?

| | |
|---|---|
| (क) खो-खो | (ख) कबड्डी |
| (ग) रस्साकशी | (घ) फुटबाल |

उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 पुराने समय में खेला जाने वाला खेल है ?

| | |
|---|---|
| (क) गिल्ली डंडा | (ख) टेबल-टेनिस |
| (ग) बैडमिंटन | (घ) लॉन-टेनिस |

उत्तरः (क)

प्रश्नः5 हॉकी, क्रिकेट आउटडोर गेम हैं (बाहर मैदान के खेल) हैं, तो ऐसे इनमें से एक अन्य आउटडोर खेल कौन-सा है ?

| | |
|---|---|
| (क) शतरंज | (ख) कुश्ती |
| (ग) फुटबाल | (घ) टेबल टेनिस |

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 शिवानी के विद्यालय में कौन-सा दिवस मनाया जाता है ?

| | |
|---|---|
| (क) बाल दिवस | (ख) अध्यापक दिवस |
| (ग) खेल दिवस | (घ) पर्यावरण दिवस |

उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 आपके विद्यालय में तिरंगा कौन-कौन से अवसरों पर फहराया जाता है ?

| | |
|---|---|
| (क) स्वतन्त्रता दिवस | (ख) गणतन्त्र दिवस |
| (ग) क और ख दोनों | (घ) इनमें से कोई नहीं |

उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 तिरंगे झंडे में कितने रंग होते हैं ?

| | |
|---|---|
| (क) 3 | (ख) 5 |
| (ग) 6 | (घ) 2 |

उत्तरः (क)

प्रश्नः9 तिरंगे झंडे में सफेद रंग किसका प्रतीक है ?

| | |
|---|---|
| (क) शौर्य का | (ख) हरियाली का |
| (ग) प्रगति का | (घ) शान्ति का |

उत्तरः (घ)

प्रश्नः10 'खेलें कूदे, मौज मनाएं' पाठ में एक जगह रस्साकशी का खेल हो रहा था, तो उस समय मैदान में दूसरी जगह मैदान में कौन सा खेल चल रहा था ?

| | |
|---|---|
| (क) कबड्डी | (ख) कुश्ती |
| (ग) लूड्डो | (घ) सांप-सीढ़ी |

उत्तरः (क)

# पाठ-3 मिल कर करें काम

प्रश्नः1 निम्नलिखित में सही तुकबन्दी नहीं है।
(क) जैसा करोगे काम, वैसा मिलेगा परिणाम।
(ख) देखो कैसे-कैसे काम, काम से होता नाम।
(ग) काम करो भाई काम करो, जग में अपना नाम करो।
(घ) घरों में काम, बाहर काम, फिर भी कुछ नहीं होता काम।
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 'मिलकर करें काम' पाठ में नेहा और आरती में से आरती कौन-सा काम स्वयं नहीं करती?
(क) बस्ता तैयार करना (ख) कपड़े पहनना
(ग) जूते पहनना (घ) बालों की चोटी बनाना
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 निम्नलिखित में ऐसा कौन कार्य है जो मां नहीं करती ?
(क) बर्तन धोना (ख) खाना बनाना
(ग) बिजली का बल्ब लगाना (घ) चारा बनाना
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 एक अध्यापक के लिए कौन-सा कार्य निषेध है अर्थात किस कार्य के लिए मनाही है?
(क) वोट बनाना (ख) जनगणना
(ग) चुनावी कार्य (घ) बच्चों की पिटाई
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 यदि आपको गाड़ी ठीक करवानी है तो आप किस के पास जायेंगे ?
(क) दर्जी (ख) दुकानदार
(ग) मैकेनिक (घ) पलम्बर
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 जूतों की मुरम्मत का कार्य मोची करता है तो खिड़की-दरवाजों की मुरम्मत कौन करता है?
(क) बढ़ई (ख) पलम्बर
(ग) इलैक्ट्रिशियन (घ) मैकेनिक
उत्तरः (क)

प्रश्नः7 निम्नलिखित में कौन-सा शिक्षा सम्बंधित नारा नहीं है ?
(क) मत छीनों बचपन बच्चों का, साथ उन्हें दे दो बस्तों का।
(ख) पढ़ना-लिखना बहुत जरूरी, शिक्षा बिना दुनिया अधूरी।
(ग) हाथ धोकर तुम काम करो, स्वास्थ्य अपना मजबूत करो।
(घ) सर्व शिक्षा अभियान, पढ़ना लिखना एक समान।
उत्तरः (ग)

# पाठ-5 खाएं, मौज मनाएं

प्रश्नः1 हमारे शरीर को ताकत कहां से मिलती है?
(क) खेलने से (ख) सोने से
(ग) भोजन से (घ) स्कूल जाने से
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 सुबह-सुबह जो भोजन किया जाता है उसे क्या कहते हैं ?
(क) प्रसाद (ख) नाश्ता
(ग) डिनर (घ) लंच
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 इनमें से कौन सा दक्षिण भारत का व्यंजन है ?
(क) हलवा (ख) डोसा
(ग) चूरमा (घ) चाऊमीन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 इनमें से कौन सा गुजरात राज्य का व्यंजन है ?
(क) इडली (ख) सांभर
(ग) मछली (घ) ढोकला
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 खीर बनाते समय कौन सी वस्तु प्रयोग में नहीं आती ?
(क) चावल (ख) दूध
(ग) चीनी (घ) तेल
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 निम्नलिखित में कौन सा खाद्‌य पदार्थ पौधों से प्राप्त नहीं होता ?
(क) चावल (ख) दूध
(ग) मटर (घ) गेहूँ
उत्तरः (ख)

प्रश्नः7 निम्नलिखित में से कौन सा खाद्‌य पदार्थ पशुओं से सीधे तौर पर प्राप्त होता है ?
(क) पनीर (ख) घी
(ग) लस्सी (घ) दूध
उत्तरः (घ)

प्रश्नः8 निम्नलिखित में से सामान्यतः कौन सा खाद्‌य पदार्थ उबालकर खाया जाता है ?
(क) मूंगफली (ख) सेब
(ग) चावल (घ) रोटी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः 9 निम्नलिखित में से कौन सा खाद्‌य पदार्थ पकाकर खाया जाता है ?
(क) आलू (ख) सेब
(ग) खीरा (घ) फ्रूट चाट
उत्तरः (क)

प्रश्नः10 भोजन करने सम्बंधी कौन सी आदत सही है -
(क) खाते समय टी.वी. देखना
(ख) भोजन झूठा छोड़ना
(ग) खाने से पहले हाथ धोना
(घ) आवश्यकता से अधिक खाना
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 निम्नलिखित में से कौन सा खाद्‌य पदार्थ फास्ट फूड में नहीं आता -
(क) नूडल्स (ख) बर्गर
(ग) दालें (घ) चिप्स
उत्तरः (ग)

# पाठ–6 किस पर पकाएं, किस में खाएं

प्रश्नः1 निम्नलिखित मे से कौन–से बर्तनों का प्रयोग भोजन पकाने में नहीं होता ?

(क) लोहा (ख) एल्यूमीनियम

(ग) मिट्टी (घ) प्लास्टिक

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 कड़ाही बनी होती है?

(क) लकड़ी से (ख) लोहे से

(ग) पत्थर से (घ) प्लास्टिक से

उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 सामन्यतः इनमें से दूध के साथ क्या नहीं खाया जाता ?

(क) दलिया (ख) केला

(ग) गुड़ (घ) दही

उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 कौन से अनाज का प्रयोग रोटी बनाने में नहीं होता ?

(क) गेहूं (ख) बाजरा

(ग) मक्का (घ) ग्वार

उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 निम्नलिखित में से कौन सा मसाला नहीं है ?

(क) धनिया (ख) हल्दी

(ग) खीरा (घ) मिर्च

उत्तरः (ग)

# पाठ–7 पार्क में पिकनिक

प्रश्नः1 निम्नलिखित में से किस पेड़ का तना मोटा नहीं होता है ?

(क) नीम (ख) आम

(ग) पीपल (घ) टमाटर

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 निम्नलिखित में से कौन सी बेल नहीं है ?

(क) घीया (ख) करेला

(ग) पालक (घ) तरबूज

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 निम्नलिखित में कौन सा फूलदार पौधा नहीं है ?

(क) सदाबहार (ख) गुलदाऊदी

(ग) मैथी (घ) मोगरा

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 निम्नलिखित में से कौन सा पौधा कांटेदार होता है ?

(क) नागफनी (ख) चमेली

(ग) मोगरा (घ) आक

उत्तरः (क)

प्रश्नः5 निम्नलिखित में से कौन से पेड़ की पत्तियां नुकीली होती हैं ?

(क) आम (ख) बादाम

(ग) चीड़ (घ) इमली

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 निम्नलिखित में से कौन से पेड़ की पत्ती छोटी होती है ?

(क) आम (ख) अमरूद

(ग) नीम (घ) जामुन

उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 पेड़ कहलाते हैं ---------------------- ?

(क) काला सोना (ख) हरा सोना

(ग) पीला सोना (घ) सफेद सोना

उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 पेड़ों से हमें क्या नहीं मिलता ?

(क) लकड़ी (ख) औषधियां

(ग) कागज (घ) प्लास्टिक

उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 आप पिकनिक मनाने कहां जाते हैं ?

(क) पार्क में (ख) अस्पताल में

(ग) डाकघर में (घ) बैंक में

उत्तरः (क)

# पाठ-8 उपजे सोना खेतों में

प्रश्नः1 गेहूँ के साथ कौन सी अन्य फसल नहीं उगाई जाती?

(क) चना (ख) सरसों

(ग) मैथी (घ) बाजरा

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 निम्नलिखित में से फसल के रूप में नहीं उगाया जाता है।

(क) चौलाई (ख) मक्का

(ग) सुरजमुखी (घ) धान

उत्तरः (क)

प्रश्नः3 निम्नलिखित में से गलत युग्म छांटिएं -

(क) गेहूँ-अनाज (ख) ज्वार-तेल

(ग) चना-दाल (घ) गन्ना-गुड़

उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 सामान्यतः हरियाणा के किस जिले में बाजरे का उत्पादन नहीं होता?

(क) भिवानी (ख) हिसार

(ग) महेन्द्रगढ़ (घ) पंचकुला

उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 हरियाणा में चाय की खेती कौन से जिले में की जाती है ?

(क) करनाल (ख) सोनीपत

(ग) अंबाला (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 निम्नलिखित में कौन सा औजार खेती कार्यो में प्रयुक्त नहीं होता ?

(क) कस्सी (ख) दरांती

(ग) हल (घ) प्लास

उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 इनमें से कहां पर फसल बेची जाती है ?

(क) अनाज मंडी (ख) बैंक

(ग) अप्पू घर (घ) डाकघर

उत्तरः (क)

प्रश्नः8 निम्नलिखित में से तिलहन फसल कौन सी है ?

(क) धान (ख) सरसों

(ग) चना (घ) गेहूं

उत्तरः (ख)

# पाठ–9 बात पत्तियों की

प्रश्नः1 निम्नलिखित में से किस पेड़ की पत्तियां कड़वी होती हैं ?

(क) शीशम (ख) नीम

(ग) कीकर (घ) पीपल

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 बंदनवार किस पेड़ की पत्तियों से बनाई जाती है ?

(क) आक (ख) शीशम

(ग) सफेदा (घ) पीपल

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 निम्न में से गंध के आधार पर किस पत्ती की पहचान की जा सकती है ?

(क) शीशम (ख) धनिया

(ग) पीपल (घ) अशोका

उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 निम्नलिखित में कौर सी पत्तियां सब्जी के रूप में प्रयोग की जाती हैं ?

(क) पालक (ख) बैंगन

(ग) टमाटर (घ) आलू

उत्तरः (क)

प्रश्नः5 पत्तियों को गलाकर बनाई गई खाद क्या कहलाती है?

(क) यूरिया (ख) कम्पोस्ट

(ग) डी.ए.पी (घ) केचुआ खाद

उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 गलत युग्म छांटो –

(क) कढ़ी पत्ता – चाय बनाने में

(ख) नीम की पत्ती – दवाई में

(ग) पुदीना पत्ती – चटनी बनाने में

(घ) पालक – सब्जी बनाने में

उत्तरः (क)

प्रश्नः7 कौन सी सूखी पत्ती मसाले के रूप में प्रयुक्त होती है ?

(क) सफेदे का पत्ता (ख) तेज पत्ता

(ग) केले का पत्ता (घ) आम का पत्ता

उत्तरः (ख)

# पाठ-10 जीव-जन्तुओं का अनोखा संसार

प्रश्नः1 निम्नलिखित में से कौन सा जीव जमीन पर नहीं रहता ?
(क) चीता (ख) बाज
(ग) लोमड़ी (घ) मेमना
उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 निम्नलिखित में कौन सा जीव पानी में रहता हैं ?
(क) जेबरा (ख) घड़ियाल
(ग) चीतल (घ) लकड़बग्घा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 निम्नलिखित में से कौन जीव पेड़ पर रहता हैं ?
(क) उल्लू (ख) सियार
(ग) भैंस (घ) मगरमच्छ
उत्तरः (क)

प्रश्नः4 इनमें से कौन सा पक्षी उड़ नहीं सकता?
(क) मोर (ख) तीत्तर
(ग) शुतुरमुर्ग (घ) चील
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 इनमें से कौन सा जीव झुण्ड में रहता है ?
(क) चिड़िया (ख) कुत्ता
(ग) भेड़ (घ) सांप
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 इनमें से कौन सा जीव शाकाहारी है ?
(क) बाज (ख) सांप
(ग) बाघ (घ) हिरण
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 निम्नलिखित में से वह जीव कौन सा है जिनका भोजन अन्य जीव-जन्तु हैं ?
(क) छिपकली (ख) मधुमक्खी
(ग) बकरी (घ) भेड़
उत्तरः (क)

प्रश्नः8 निम्नलिखित में से कौन सा जीव सर्वाहारी है ?
(क) बिल्ली (ख) गाय
(ग) भैंस (घ) बारहसिंगा
उत्तरः (क)

प्रश्नः9 गलत युग्म छांटो-
(क) तोता-फल
(ख) छिपकली-चूहें व छोटे जीव-जन्तु
(ग) चिड़िया - अनाज
(घ) मधुमक्खी - फूलों का रस
उत्तरः (ख)

प्रश्नः10 इनमें से कौन सा जीव रेंगने वाला है ?
(क) गेंडा (ख) दरियाई घोड़ा
(ग) बगुला (घ) सांप
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 इनमें से कौन सा जीव फुदक कर चलता है ?
(क) हाथी (ख) बटेर
(ग) कंगारू (घ) फाख्ता
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 इनमें से कौन सा जीव डंक नहीं मारता है?
(क) मधुमक्खी (ख) मुर्गी
(ग) ततैया (घ) बिच्छू
उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 तोता कैसी आवाज निकालता है ?
(क) कुहू-कुहू (ख) पीहू-पीहू
(ग) चीं-चीं (घ) टें-टें
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 निम्नलिखित में कौस सा जीव बिल में नहीं रहता ?
(क) चींटी (ख) कछुआ
(ग) चूहां (घ) सांप
उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 कौन सा पक्षी अपना घोंसला नहीं बनाता ?
(क) चिड़िया (ख) बैया
(ग) कोयल (घ) कौवा
उत्तरः (ग)

# पाठ-11 पानी की बात, कल्लू कौए के साथ

प्रश्नः1 इनमें से कौन से काम में पानी की आवश्यकता नहीं पड़ती?

(क) खाना बनाना (ख) नहाना

(ग) कपड़े धोना (घ) झाड़ू लगाना

उत्तरः (घ)

# पाठ–12 रिमझिम बरसे पानी

प्रश्नः1 इन्द्रधनुष कब दिखाई देता है ?
(क) रात के समय (ख) सुबह के समय
(ग) सूर्योदय से पहले (घ) दिन में बरसात के बाद
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 तीज का त्योहार किस महीने में मनाया जाता है ?
(क) श्रावण (ख) कार्तिक
(ग) चैत्र (घ) फाल्गुन
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 बरसात के दिनों में क्या नहीं होता है ?
(क) बादल गरजते है (ख) मोर नाचते हैं
(ग) कपड़े जल्दी सूख जाते हैं (घ) मेंढ़क टर्राते हैं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 निम्नलिखित में से किस कार्य में सबसे कम पानी खर्च होता है ?
(क) नहाने में (ख) पीने में
(ग) कपड़े धोने में (घ) गाड़ी धोने में
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 पानी के ठोस रूप को क्या कहते हैं ?
(क) वाष्प (ख) बर्फ
(ग) तरल (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 पीने के पानी को रखना चाहिए -
(क) खुले में (ख) शौचालय के पास
(ग) ढककर (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

# पाठ-13 मेरा घर है सबसे प्यारा

प्रश्नः1 हम परिवार के साथ जहां रहते हैं उसे कहते हैं ?

(क) धर्मशाला (ख) घर

(ग) होटल (घ) पंचायत घर

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 घुमन्तु या खानाबदोश परिवार सामान्यतः किस प्रकार के घरों में रहते हैं ?

(क) पक्के मकान (ख) बहुमंजिला इमारतें

(ग) तंबू (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 इनमें से किस प्रकार के घर को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है ?

(क) बहुमंजिला इमारतें (ख) पक्का घर

(ग) हाउस बोट (घ) कच्चा घर

उत्तरः (ग)

# पाठ-14 दाएं-बाएं चार दिशाएं

प्रश्नः1 सुबह स्कूल जाते समय सूर्य कौन सी दिशा में होता है ?
(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 आपका मुंह पूर्व की तरफ हो तो आपके पीछे की तरफ कौन सी दिशा होगी ?
(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 पूर्व दिशा में मुंह करके खड़े होने पर आपके दाएं हाथ की तरफ कौन सी दिशा होगी?
(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण
उत्तरः (घ)

प्रश्नः4 पूर्ण सूर्यास्त किस दिशा में होता है ?
(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 दिशाओं की कुल संख्या कितनी है ?
(क) 1 (ख) 2
(ग) 3 (घ) 4
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 मानचित्र में ऊपर की तरफ कौन सी दिशा होती है ?
(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण
उत्तरः (ग)

# पाठ-15 कम हुई दूरियाँ

प्रश्नः1 जलमार्ग में कौन से यातायात के साधन का प्रयोग किया जाता है?

(क) रेलगाड़ी (ख) घोड़ागाड़ी

(ग) बस (घ) नाव

उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 वायुमार्ग से यात्रा करने पर किस यातायात के साधन का प्रयोग नहीं होता ?

(क) हवाई जहाज (ख) हैली कॉप्टर

(ग) स्टीमर (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 रेलगाड़ियों के रूकने के स्थान को क्या कहते हैं ?

(क) बस स्टैंड (ख) रेलवे स्टेशन

(ग) हवाई अड्डा (घ) डाकघर

उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 रेलगाड़ी में टिकट चैक करने वाले को क्या कहते हैं ?

(क) पोस्टमैन (ख) वकील

(ग) टिकट चैकर (घ) कंडक्टर

उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 समुद्र में क्या चलता है?

(क) हवाई जहाज (ख) समुद्री जहाज

(ग) रेलगाड़ी (घ) बस

उत्तरः (ख)

# पाठ–16 कुछ कही, कुछ अनकही

प्रश्नः1 रक्षाबंधन किस माह में मनाया जाता है?
(क) श्रावण (ख) माघ
(ग) कार्तिक (घ) आषाढ़
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 हम डाकघर क्यों जाते हैं ?
(क) खाना खाने के लिए (ख) पत्र डालने के लिए
(ग) फोन करने के लिए (घ) स्वास्थ्य जांच के लिए
उत्तरः (ख)

प्रश्नः3 पत्र एक जगह से दूसरी जगह भेजने का जरिया होता है?
(क) डाकघर (ख) पंचायत घर
(ग) चिड़ियाघर (घ) अप्पूघर
उत्तरः (क)

प्रश्नः4 हम किस माध्यम से अपनी बात बोलकर पहुंचाते हैं ?
(क) पत्र द्वारा (ख) मेल के द्वारा
(ग) टेलीफोन द्वारा (घ) अखबार के द्वारा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 डाकघर में प्रयुक्त पिन कोड़ कितने अंकों का होता है ?
(क) 4 (ख) 5
(ग) 6 (घ) 8
उत्तरः (ग)

# पाठ- 17 जीवन के रंग, मिट्टी के संग

प्रश्नः1 बर्तन बनाने के लिए किस प्रकार की मिट्टी का प्रयोग किया जाता है ?

(क) बालू मिट्टी (ख) चूना मिट्टी

(ग) चिकनी मिट्टी (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 मिट्टी के बर्तन बनाने में प्रयुक्त चाक का आकार कैसा होता है ?

(क) गोलाकार (ख) चप्टा

(ग) षटकोणीय (घ) टेढ़ा-मेढ़ा

उत्तरः (क)

प्रश्नः3 सबसे पहले मानव ने कैसे बर्तन बनाए ?

(क) पत्थर व मिट्टी के (ख) धातु के

(ग) चीनी मिट्टी के (घ) प्लास्टिक के

उत्तरः (क)

प्रश्नः4 कुठला क्या होता है ?

(क) दूध डालने का बर्तन

(ख) अनाज रखने का बर्तन

(ग) बाजार से सामान लाने का बर्तन

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 मिट्टी के बर्तनों को सुखाने के बाद मजबूत कैसे बनाया जाता है ?

(क) रंगकर (ख) पकाकर

(ग) गीला करके (घ) चमका कर

उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 बहुत पहले अनाज रखने के काम आता था ?

(क) टंकी (ख) ड्रम

(ग) मिट्टी का कुठला (घ) बांस की टोकरी

उत्तरः (ग)

# पाठ-18 रंग-बिरंगी मेरी पोशाक

प्रश्नः1 हरियाणा में पुरुषो की वेशभूषा मानी जाती है ?

(क) किरन (ख) धोती-कुरता

(ग) कोट-पैंट (घ) शेरवानी

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 'फिरन' किस राज्य की वेशभूषा है ?

(क) पंजाब (ख) हरियाणा

(ग) गोवा (घ) जम्मू-कश्मीर

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 बर्फ के गोले बनाकर कहां खेलते हैं ?

(क) समुद्र तट पर (ख) रेगिस्तान में

(ग) बर्फीले क्षेत्र में (घ) कहीं नहीं

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 ऊन हमें किससे प्राप्त होती है ?

(क) भेड (ख) गधा

(ग) घोड़ा (घ) बंदर

उत्तरः (क)

प्रश्नः5 रेशम कहां से प्राप्त होता है ?

(क) कपास से (ख) पशुओं से

(ग) कोकून से (घ) पक्षियों से

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 कपड़े सीलने वाले को क्या कहते हैं ?

(क) लोहार (ख) बढ़ई

(ग) हलवाई (घ) दर्जी

उत्तरः (घ)